# प्रेस नोट दिनांक- 28.08.2025, जनपद प्रतापगढ

## थाना कोतवाली नगर- जनपद प्रतापगढ

थाना कोतवाली नगर पुलिस की बड़ी कार्यवाही – वाहन चोरी की योजना बनाते अभियुक्त गिरफ्तार

एक अभियुक्त गिरफ्तार, एक फरार – पेचकस व 11 चाबियों का गुच्छा बरामद

गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान – दिव्यांशु सिंह, थाना कोतवाली देहात निवासी

फरार अभियुक्त की पहचान – आकाश सरोज, शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी

बरामदगी – एक पेचकस, दो चाबी के गुच्छे (11 चाबियाँ)

मुकदमा अपराध संख्या 415/25 धारा 62, 313 BNS पंजीकृत

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन में अभियान सफल

उ0नि0 अंकित श्रीवास्तव व टीम की सराहनीय भूमिका

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी, प्रतापगढ़ श्री शैलेन्द्र लाल व सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर श्री प्रशान्त राज के कुशल पर्वेक्षण में थाना कोतवाली नगर प्रभारी निरीक्षक श्री नीरज कुमार यादव के नेतृत्व में उ0नि0 अंकित श्रीवास्तव मय हमराह कां0 मलखान मय चालक रंजीत यादव द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थानाक्षेत्र कोतवाली नगर के सीताराम धाम मंदिर के पास बने पेट्रोल पंप से थोड़ा पहले जोगापुर से चोरी की योजना बना रहे 01 व्यक्ति 01. दव्यांशु सिंह पुत्र धर्मेंद्र सिंह नि0डोमिपुर भुवालपुर थाना कोतवाली देहात प्रतापगढ़ को एक अदद पेचकस, दो अदद चाबी का गुच्छा (11 अदद चाबी) के साथ गिरफ्तार किया गया। तथा 01 व्यक्ति मौके का फायदा उठाकर भाग गया जिसकी पहचान कर ली गई है। उसकी गिरफ्तारी शीघ्र ही सुनिश्चित की जायेगी।

उक्त बरामदगी के सम्बन्ध में अभियुक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली नगर में मु0अ0स0-415/25 धारा- 62, 313 बी0एन0एस0 अभियोग पंजीकृत किया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-
01.दिव्यांशु सिंह पुत्र धर्मेंद्र सिंह नि0डोमिपुर भुवालपुर थाना कोतवाली देहात प्रतापगढ़।

बरामदगी-
एक अदद पेचकस, दो अदद चाबी का गुच्छा (11 अदद चाबी)

पूछताछ का विवरणः-
पकड़े गए व्यक्ति की जामातलाशी लेते हुए नाम पता पूछने पर बता रहा है कि साहब मेरा नाम दिव्यांशु सिंह पुत्र धर्मेंद्र सिंह नि0 डोमिपुर भुवालपुर थाना कोतवाली देहात प्रतापगढ़ उम्र करीब 19 वर्ष है। मै अपने एक साथी जिसका नाम आकाश सरोज पुत्र लल्लू सरोज नि0 डोमिपुर भुवालपुर थाना कोतवाली देहात प्रतापगढ़ उम्र करीब 25 वर्ष (जो अभी मौके से भाग गया है) के साथ ट्रक चोरी के फिराक में घूम रहे थे कि आप लोगों ने मुझे पकड़ लिया। पकड़े गए व्यक्ति के एक अदद पेचकस, दो अदद चाबी का गुच्छा (11 अदद चाबी) अलग अलग गाड़ियों की बरामद हुई। पकड़े गए व्यक्ति से सख्ती से पूछताछ करने पर बताया कि हम दोनों इन चाबियां से वहां का लाॅक खोलने का प्रयास करते हैं यदि नहीं खुलता है तो पेचकस से लाॅक को तोड़कर या घूम कर चोरी कर लेते हैं आज रात्रि में हम लोग चोरी करने का प्रयास कर रहे थे कि आप लोगों ने पकड़ लिया।

पुलिस टीम- उ0नि0 अंकित श्रीवास्तव मय हमराह कां0 मलखान चालक कां0 रंजीत यादव थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़।

**थाना हथिगवां, जनपद प्रतापगढ़**

-प्रतापगढ़ पुलिस की बड़ी सफलता – हत्या के मामले का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

थाना हथिगवां पुलिस की कार्यवाही – हत्या के अभियुक्त को दबोचा
घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल (फावड़ा) बरामद
हत्या के मुकदमे में फरार चल रहा आरोपी सिद्धार्थ मिश्रा उर्फ टिंकू गिरफ्तार
एसपी डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध अभियान सफल
एएसपी पश्चिमी व सीओ कुण्डा के पर्यवेक्षण में पुलिस टीम की सराहनीय कार्यवाही
19 वर्षीय युवक ने पिता की हत्या की, पुलिस ने किया सनसनीखेज खुलासा
हत्या की गुत्थी सुलझी – हथिगवां पुलिस की सक्रियता से अपराधी चढ़ा हत्थे

घटना का संक्षिप्त विवरण-
थाना हथिगवां पर आवेदिका सुशीला देवी पत्नी विनोद कुमार मिश्र निवासी ग्राम बटौवा, परसीपुर कुण्डा थाना हथिगवा जनपद प्रतापगढ़ द्वारा तहरीर दी गई कि दिनांक 26.08.2025 को करीब रात 02ः00 बजे मेरे पति विनोद कुमार मिश्र घर के बाहर तखत पर लेटे हुए थे जिनके सिर से खून बहुत खून निकल रहा था।

उनको उठाने की कोशिश की तो वह कुछ नही बोल रहे थे और ना ही कोई हरकत कर रहे थे। मेरे पति का किसी ने हत्या कर दी है। एंबुलेंस को सूचना करके सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुण्डा ले जाया गया, जहां डक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना हथिगवां में मु0अ0सं0 166/2025 धारा 103(1) बीएनएस बनाम अज्ञात का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ डॉ अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) श्री संजय राय व क्षेत्राधिकारी कुण्डा श्री अमरनाथ गुप्ता के कुशल पर्यवेक्षण में थाना हथिगवां प्रभारी निरीक्षक नन्दलाल सिंह हमराह हे0का0 संग्राम सिंह,का० गौरव सिंह व म0का0 पूजा चालक का0 अमित कुमार सिंह द्वारा देखभाल क्षेत्र/ तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान, मुखबिर की सूचना पर थाना हथिगवां मे पंजीकृत मु0अ0सं0 166/25 धारा 103 (1) बीएनएस से संबंधित प्रकाश में आया अभियुक्त सिद्धार्थ मिश्रा उर्फ टिंकू पुत्र स्व० विनोद कुमार मिश्र निवासी ग्राम बटौवा, परसीपुर थाना हथिगवां प्रतापगढ़ उम्र करीब 19 वर्ष को थानाक्षेत्र हथिगवां के शिव शक्ति मेडिकल स्टोर हथिगवां नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की निशानदेही पर आलाकत्ल एक फावड़ा बरामद किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
सिद्धार्थ मिश्रा उर्फ टिंकू पुत्र स्व० विनोद कुमार मिश्र निवासी ग्राम बटौवा, परसीपुर थाना हथिगवां प्रतापगढ़ उम्र करीब 19 वर्ष।

पुलिस टीम-
प्रभारी निरीक्षक नन्दलाल सिंह बाहमराह हे0का0 संग्राम सिंह,का० गौरव सिंह व म0का0 पूजा चालक का0 अमित कुमार सिंह थाना हथिगवां जनपद प्रतापगढ़।

**थाना मानिकपुर जनपद प्रतापगढ़**
प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा लगातार अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही जारी

प्रतापगढ़ पुलिस की बड़ी कार्यवाही – दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट का वांछित आरोपी गिरफ्तार

थाना मानिकपुर पुलिस की सफलता – फरार चल रहे अभियुक्त को दबोचा

मुखबिर की सूचना पर पुलिस की घेराबंदी, अभियुक्त पाटीहार मोड़ से गिरफ्तार

नाबालिग से दुष्कर्म प्रकरण का आरोपी 23 वर्षीय युवक चढ़ा पुलिस के हत्थे

एसपी डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान की उपलब्धि

एएसपी पश्चिमी व सीओ कुण्डा के पर्यवेक्षण में मानिकपुर पुलिस की प्रभावी कार्यवाही

प्रतापगढ़।
दि०- 02.07.2025 को वादिनी निवासिनी थाना मानिकपुर क्षेत्रातंर्गत की प्राप्त तहरीर के आधार पर धारा 137(2), 65 (1) बी.एन.एस. व 3/4 पाक्सो एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री संजय राय व क्षेत्राधिकारी कुण्डा श्री अमरनाथ गुप्ता के पर्यवेक्षण में थाना मानिकपुर प्रभारी निरीक्षक श्री दीप नारायण के नेतृत्व में 0उ0नि0 रामनारायण सिंह मय हमराह का संदीप पटेल व का0 रामलखन यादव द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त व संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियोग उपरोक्त से सम्बन्धित 01 अभियुक्त अरूण कुमार निषाद पुत्र मक्खनलाल उम्र करीब 23 वर्ष निवासी ग्राम गोतनी थाना मानिकपुर प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र मानिकपुर के पाटीहार मोड के पास से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
1. अरूण कुमार निषाद पुत्र मक्खनलाल उम्र करीब 23 वर्ष निवासी ग्राम गोतनी थाना मानिकपुर प्रतापगढ़

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-
व0उ0नि0 रामनारायण सिंह मय हमराह का संदीप पटेल व का0 रामलखन यादव थाना मानिकपुर जनपद प्रतापगढ़

**थाना कोतवाली नगर- जनपद प्रतापगढ**
प्रतापगढ़ पुलिस की बड़ी सफलता – चोरी के अभियोग से संबंधित 02 आरोपी गिरफ्तार

कोतवाली नगर पुलिस की कार्यवाही – मोबाइल व नकदी बरामद

रेलवे कॉलोनी चोरी कांड का खुलासा – अभियुक्तों ने कबूला जुर्म

मुखबिर की सूचना पर जिरियामऊ पुल के पास दबोचे गए शातिर चोर

बरामदगी – ओप्पो मोबाइल (ब्लैक) व ₹1210 नगद

2 माह पूर्व की चोरी का राज़ खुला – जेवरात बेचकर उड़ाए पैसे

एसपी डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ अभियान सफल

एएसपी पूर्वी व सीओ नगर के पर्यवेक्षण में कोतवाली पुलिस की सराहनीय कार्यवाही

प्रतापगढ़।
दि०- 04.06.2025 को पूर्वी सहोदरपुर,रेलवे कालोनी थाना कोतवाली नगर वादिनी निवासिनी की प्राप्त तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 344/25 अंतर्गत धारा 331 (4)/305 बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी, प्रतापगढ़ श्री शैलेन्द्र लाल व सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर श्री प्रशान्त राज के कुशल पर्वेक्षण में थाना कोतवाली नगर प्रभारी निरीक्षक श्री नीरज कुमार यादव के नेतृत्व में उ0नि0 सुनील कुमार गुप्ता मय हमराह का0 विनोद सोनकर व का0 अनिकेत दिनकर द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थानाक्षेत्र कोतवाली नगर के जिरियामऊ पुल के पास से चोरी के अभियोग से सम्बन्धित 02 अभियुक्तों 01. शिवम वाल्मीकि पुत्र स्वर्गीय राजेश बाल्मीकि उम्र 21 वर्ष निवासी टक्करगंज थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़ उम्र 21 वर्ष 02. पुनीत सिंह उर्फ पुन्ना पुत्र धीरेंद्र प्रताप सिंह उम्र 25 वर्ष निवासी बरईपुर सराय भीमसेन थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़ हाल पता अचलपुर थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़ को चोरी के एक अदद मोबाइल ओप्पो ब्लैक कलर, 1210 रुपए नगद के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के सम्बन्ध में अभियोग उपरोक्त में धारा 317(2), 317(4) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरणः-
01. शिवम वाल्मीकि पुत्र स्वर्गीय राजेश बाल्मीकि उम्र 21 वर्ष निवासी टक्करगंज थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़ उम्र 21 वर्ष
02. पुनीत सिंह उर्फ पुन्ना पुत्र धीरेंद्र प्रताप सिंह उम्र 25 वर्ष निवासी बरईपुर सराय भीमसेन थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़ हाल पता अचलपुर थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़

पूछताछ का विवरणः-
गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछने पर बताया कि साहब हम दोनों लोगों ने मिलकर लगभग 2 महीने पहले रेलवे कॉलोनी अचलपुर में चोरी किया था जिसमें कमरे का ताला तोड़कर बैग में रखें जेवरात व मोबाइल ब्लैक कलर और रुपये 5000 नगद चोरी किया था। जबकि चोरी गई जेवरात आने जाने वाले राहगीर व्यापारियों

को बेच दिया। जिनको मैं जानता व पहचानता नहीं था जो पैसे प्राप्त हुए थे वह पैसे हम दोनों लोगों ने खर्च कर दिया। यह 1210 रुपया उसी बेचे हुए सामान के हैं।

बरामदगी-
चोरी के एक अदद मोबाइल ओप्पो ब्लैक कलर, 1210 रुपए नगद

पुलिस टीम- उ0नि0 सुनील कुमार गुप्ता मय हमराह का0 विनोद सोनकर व का0 अनिकेत दिनकर थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़।

**थाना उदयपुर पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार-**

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलापों में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना उदयपुर के उ0नि0 कैलाश यादव मय हमराह का गिरीश कुमार चालक पीआरडी राजकुमार के द्वारा जांच प्रार्थना पत्र, देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त, मुखबिर की सूचना पर एनबीडब्लयू फौज वाद संख्या 447/14 अ0स0 109/13 धारा 323/504/506/352/427 भादवि थाना उदयपुर से संबंधित 01 वारंटी अभियुक्त मूलचन्द्र उर्फ धुन्नी पुत्र राधेश्याम निग्रा० बहादुरपुर मुस्तफाबाद थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
मूलचन्द्र उर्फ धुन्नी पुत्र राधेश्याम निग्रा० बहादुरपुर मुस्तफाबाद थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ

पुलिस टीम-
उ0नि0 कैलाश यादव मय हमराह का गिरीश कुमार चालक पीआरडी राजकुमार थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ़ ।